Celebrating 150th Birth Anniversary of Sh. M.K.Gandhi

"पृथ्वी सभी मनुष्यों की ज़रुरत पूरी करने के लिए पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है, लेकिन लालच पूरी करने के लिए नहीं"

"Earth provides enough to satisfy every man's needs, but not every man's greed"




"[Come let us Live in Harmony with Nature
आइए प्रकृति से सामंजस्य में जिएँ]"

# मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज कार्यक्रम–2019

## संचालन हेतु दिशानिर्देश

कॉपीराइट : मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड 2019.

पुस्तक में वर्णित जानकारी का उपयोग जन सामान्य में जागरूकता हेतु किया जा सकता है। पुस्तक में सुधार हेतु आपके सुझाव आमंत्रित है।

**अस्वीकरण** : यह पुस्तक मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ कार्यक्रम हेतु स्त्रोत सामग्री के रूप में तैयार की गयी है। इसमें पायी जाने वाली त्रुटियां प्रकट होने पर सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा अंतिम निर्णय दिया जाकर सही की जावेगी।

# मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2019
# संचालन हेतु दिशानिर्देश
## अनुक्रमणिका


| क्रमांक | विवरण | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| i | अनुक्रमणिका | i-ii |
| ii | प्रस्तावना | iii |
| 1 | विद्यार्थियों हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज, 2019 संबंधी विवरण व फ्लो चार्ट | 1 |
| 2 | मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2019 के संबंध में पूर्व तैयारी एवं व्यवस्था हेतु दिशानिर्देश | 2-6 |
| 3 | हम होंगे कामयाब | 7-8 |
| 4 | मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2019 कार्यक्रम की रूपरेखा | 9-16 |
| | 4.1 जिला स्तर पर दिनांक 18.10.2019 को क्विज़ कार्यक्रम आयोजन हेतु समय सारणी | 9 |
| | 4.2 लिखित परीक्षा (प्रत्येक जिले के चयनित स्थान पर) | 9-10 |
| | 4.3 मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 हेतु राउंड्स | 11-13 |
| | 4.4 मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 के विभिन्न राउन्डस की अंक तालिका | 14-15 |
| | 4.5 मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 के राउंड हेतु लाइफ लाइन | 16 |

| क्रमांक | विवरण | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 5 | मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 के राउंड्वार संचालन का विवरण [सांकेतिक (indicative) है इनमें से कुछ का नाम बदला जा सकता है] | 17-24 |
| | 5.1 झट–पट बोल | 17 |
| | 5.2 सोच समझकर बोल | 18 |
| | 5.3 पहचान मैं कौन | 19 |
| | 5.4 दे दना–दन | 20 |
| | 5.5 अब बताओ तो जानें? | 21 |
| | 5.6 पारखी नज़र | 22 |
| | 5.7 बोलो–बोलो मैं हूॅ कौन? | 23-24 |
| 6 | मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 हेतु प्रश्न पत्र की व्यवस्था | 25-29 |



**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**

**आर. श्रीनिवास मूर्ति**
**सदस्य सचिव**

# प्रस्तावना

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा **मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज, 2019** हेतु तैयार की गई जैवविविधता विषयवस्तु, प्रश्न बैंक में सभी सरोकार समुदायों से परिचय व क्षमता विकास से संबंधित विभिन्न पहलूओं को सम्मिलित किया गया है। क्विज़ के संचालन में मुख्यतः क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (मुख्यालय) पदेन सहायक सदस्य सचिव व जिला शिक्षा अधिकारी की व्यवस्थागत जिम्मेदारी है। जिला क्विज़ मास्टर व प्राध्यापक की मुख्य जिम्मेदारी विद्यार्थियों को क्विज़ की प्रक्रिया, तकनीकी व अकादमिक पहलुओं से अवगत कराते हुये उनकी क्षमता का विकास करना है।

अतः क्विज़ की प्रक्रिया व तकनीकी पहलुओं से सभी संबंधितों को अवगत कराने के उद्देश्य से इस पुस्तिका का प्रकाशन किया जा रहा है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है इस पुस्तिका से जिला क्विज मास्टर व क्विज़ में भाग लाने वाले विद्यार्थियों लाभांवित होंगे तथा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ के सफल संचालन में उपयोगी सिद्ध होगी।

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज 2019 के प्रश्न पत्र का आकार व विषय निर्माण हेतु कार्यालयीन आदेश क्रमांक/ए.पी.एस. बी.बी./ए.एम.एस. (सी एण्ड डी)/ 136/2019–20/84 दिनांक 27.09.2019 द्वारा समिति का गठन किया गया है। समिति की सहायता से क्विज़ संचालन की प्रक्रियात्मक व तकनीकी दिशानिर्देश प्रकाशित होना संभव हो सका है। अंतिम प्रश्न पत्र व क्विज की गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए कार्यालयीन आदेश क्रमांक/ए.पी.एस.बी.बी./ए.एम.एस. (सी एण्ड डी)/136/2019–20/174 दिनांक 11.10.2019 अंतिम प्रश्न पत्र समिति का गठन किया गया है, जो कि इस पुस्तिका में संलग्न किया गया है।

**जय विद्यार्थी। जय प्राध्यापक। जय क्विज़ मास्टर।**
**जय जैवविविधता। जय मध्यप्रदेश।**
**जय हिन्द हम होंगे कामयाब।**

**(आर. श्रीनिवास मूर्ति)**
**सदस्य सचिव**
**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**

भोपाल

दिनांक 10.10.2019

# 1. विद्यार्थियों हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज, 2019 संबंधी विवरण व फ्लो चार्ट

| | |
|---|---|
| **पात्रता** | कक्षा 9 से 12 वीं तक के विद्यार्थी (छात्र–छात्रायें) |
| **स्कूल पर** | स्कूल के प्राचार्य द्वारा अपने स्कूल के कक्षा 9 से 12 वीं तक के 3 विद्यार्थियों की टीम का चयन |
| **जिला स्तर पर** | 1. स्कूल प्राचार्य द्वारा टीम का चयन व अंतिम तिथि 14.10.2019 तक जिला शिक्षा अधिकारी के पास पंजीयन<br>2. जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 50+10 टीमों का चयन (अंतिम सूची व प्रतीक्षा सूची) प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर (70 प्रतिशत शहरी एवं 30 प्रतिशत ग्रामीण)<br>3. जिला क्विज़ मास्टर द्वारा चयनित टीमों का क्षमता विकास<br>4. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 का आयोजन जिला स्तर पर 18.10.2019 –<br>4.1 क्विज़ के प्रथम भाग पूर्वान्ह 10.00 से 12.00 बजे तक 100 अंकों की लिखित परीक्षा का आयोजन। लिखित परीक्षा में प्रथम 7 स्थान प्राप्त करने वाली 7 टीमों मल्टी मीडिया क्विज़ में भाग लेगें<br>4.2 मल्टी मीडिया क्विज का संचालन (क्विज मास्टर) चयनित 7 टीमों (शालाओं) के किसी शिक्षक द्वारा नहीं किया जायेगा।<br>4.3 मल्टी मीडिया क्विज हेतु स्कोरर भी चयनित टीमों से संबंधित नहीं होगा।<br>4.4 मल्टी मीडिया क्विज़ की प्रथम 3 टीमों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जावेगा<br>4.5 जिला स्तर की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की अर्हता प्राप्त होगी। |
| **राज्य स्तर** | 1. राज्य स्तरीय क्विज कार्यक्रम मिंटो हॉल, भोपाल में दिनांक 13.11.2019 को आयोजित किया जावेगा<br>2. राज्य स्तरीय क्विज कार्यक्रम की प्रक्रिया भी जिला स्तरीय क्विज कार्यक्रम की तरह ही होगी<br>3. प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने वाले 3 टीमों को राज्य स्तरीय क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जावेगा। |
| **क्विज का डेमो** | मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ से संबंधित एक डेमो दिनांक 15. 10.2019 की शाम तक बोर्ड की वेबसाईट http://mpsbb.nic.in/MPSBQ.html पर उपलब्ध कराया जावेगा। जिससे जिला क्विज़ मास्टर व विद्यार्थी अवलोकन कर समझ बढ़ा सकते है। |

# 2. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2019 के संबंध में पूर्व तैयारी एवं व्यवस्था हेतु दिशानिर्देश

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज, 2019 के दो भाग है पहले भाग में जैवविविधता विषयवस्तु में जैवविविधता संबंधित वैज्ञानिक पहलू व अकादमिक संबंधी मुद्दों को सम्मिलित किया गया है, जिसको हिन्दी एवं अंग्रेजी में पुस्तिका एवं प्रश्न बैंक के रूप में तैयार किया गया है।

पुस्तिका एवं प्रश्न बैंक बोर्ड की वेबसाईट www.mpsbb.nic.in/MPSBQ.html पर उपलब्ध करायी गयी है। बोर्ड द्वारा इस विषयवस्तु के आधार पर मौके पर क्या–क्या कार्यवाही किस–किस अधिकारी द्वारा किया जाना के दिशानिर्देश भी जारी किये गये है। क्विज़ कार्यक्रम की आवश्यक व्यवस्थाओं के बाद मुख्यतः जिला स्तर पर पंजीयन किये गये 50 टीमों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जावेगा। जिसमें से प्रथम 7 टीमों को मल्टी मीडिया क्विज के लिये चयन किया जावेगा।

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा आपकी सुविधा हेतु मौके पर आयोजित परीक्षा व क्विज़ से संबंधित आवश्यक दिशानिर्देश का संकलन किया गया है।

जिला स्तरीय आयोजित समिति :–

अध्यक्ष – जिला कलेक्टर
सदस्य – क्षेत्रीय वनमण्डल अधिकारी
सदस्य – जिला शिक्षा अधिकारी
सदस्य – आयोजित स्थल (शाला) का प्राचार्य
सदस्य – जिला क्विज मास्टर
सदस्य – क्विज स्कोरर
बैठक दिनांक – 16.10.2019

## I. जिला कलेक्टर

1. जिला स्तर पर सभी सरोकार विभागों के साथ समन्वय बनाना तथा क्विज़ हेतु गठित समिति की प्रथम बैठक आयोजित करना।
2. क्विज़ से संबंधित समस्त बिन्दुओं पर मार्गदर्शन देना।

3. कार्यक्रम के शुभारंभ व समापन के अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों को कार्यक्रम में आमंत्रित करना तथा जिला स्तरीय क्विज़ कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार करना।
4. क्विज़ कार्यक्रम के शुभारंभ व समापन में स्वयं उपस्थिति होकर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाना।
5. परीक्षा के दौरान परीक्षा प्रणाली, व्यवस्था का मूल्यांकन करने हेतु स्वतंत्र पर्यवेक्षक नामांकित करना।
6. कार्यक्रम स्थल (मौके) पर आवश्यक व्यवस्था हेतु पुलिस, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगरीय निकाय आदि को निर्देशित करना।

**II. क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय)**

1. व्यवस्थाओं के संबंध में अपने एक प्रतिनिधि का नामांकन करें व समस्त व्यवस्थागत मुद्दे सुनिश्चित करें।
2. कार्यक्रम के पूर्व सभी तैयारियां स्वयं देख लें जैसे माईक/साउंड/एलसीडी प्रोजेक्टर/कम्प्यूटर/ टीमों की बैठक व्यवस्था/संचालक के खड़े होने का स्थान, टीमों के अतिरिक्त अन्य छात्र–छात्राओं तथा व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था इत्यादि।
3. क्विज़ कार्यक्रम के सभी चरणों की पारदर्शिता सुनिश्चित करें।

**III. जिला शिक्षा अधिकारी – जिला स्तरीय आयोजित समिति बैठक के आयोजन का समस्त दायित्व**

1. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ 2019 में टीमों के पंजीयन की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की है। पंजीयन के साथ बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये पाठ्यक्रम व पाठ्य सामग्री को टीमों में वितरण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करना।
2. कार्यक्रम स्थल (मौके) पर समस्त तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित करना।
3. क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (मुख्यालय) एवं जिला क्विज़ मास्टर से समन्वय स्थापित करना।

जीवो जीवस्य जीवनम्
MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

## IV. प्राचार्य (क्विज कार्यक्रम के आयोजन स्थल से संबंधित)

1. कार्यक्रम के पूर्व सभी तैयारियां स्वयं देख लें जैसे माईक/साउंड/एलसीडी प्रोजेक्टर/कम्प्यूटर/टीमों की बैठक व्यवस्था/संचालक के खड़े होने का स्थान, टीमों के अतिरिक्त अन्य छात्र–छात्राओं तथा व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था इत्यादि।
2. मौके पर समस्त तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित करना।
3. क्विज़ कार्यक्रम के सभी चरणों की पारदर्शिता सुनिश्चित करें।
4. परीक्षा के समय की मानिटरिंग सुनिश्चित करना।
5. लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र बंटवाना एवं परीक्षा उपरांत संग्रह करना।
6. लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित करना।

## V. जिला क्विज़ मास्टर

1. **क्विज कार्यक्रम में उपयोग किये जाने वाले कम्प्यूटर की तैयारी –**

   अ) बोर्ड द्वारा पेन ड्राइव में उपलब्ध कराये गये फोल्डर को कम्प्यूटर में कॉपी करें।

   ब) दिया गया फोंट इंस्टाल करें।

   स) सिस्टम में वी.एल.सी. मीडिया प्लेयर है या नहीं सुनिश्चित करें, न होने की दशा में फोल्डर से इंस्टाल करें।

   द) कम्प्यूटर को रि–स्टार्ट करें।

   इ) फोल्डर में रखी गई सामग्री को ओपन करें।

   फ) पी.पी.टी. चलाते समय जल्दबाजी ना करें।

2. कार्यक्रम को शुरू करने के पहले रोचक वातावरण का निर्माण करें ना की परीक्षा जैसा इस हेतु बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत करें।
3. संपूर्ण कार्यक्रम पूर्ण उत्साह एवं जोश के साथ सचांलित करें ताकि प्रतिभागी भी उत्साहित हो सके।
4. अन्य छात्र–छात्राओं को इस तरह बैठाया जाये जिससे कि प्रतिभागी टीम के सदस्य प्रभावित ना हों।

जीवो जीवस्य जीवनम्
MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

5. क्विज़ प्रारंभ करने के पूर्व क्विज़ से संबंधित सभी निर्देश बच्चों को अच्दी तरह समझा दें।

6. दर्शक दीर्घा में बैठे बच्चों, शिक्षकों एवं अन्य व्यक्तियों को भी निर्देश दें कि जब टीम से प्रश्न पूछे जायेंगे तब अन्य किसी को जवाब नहीं देना है। जब टीम लाइफ लाइन का प्रयोग करेगी तब वह अपने साथी या शिक्षक से उत्तर पूछ सकेंगे।

7. प्रत्येक राउंड के प्रारंभ होने के पूर्व उस राउंड के नियम बताए जायेंगे।

8. दर्शकों से हर राउंड के बाद एक प्रश्न पूछा जाएगा, जिनको उत्तर ज्ञात होगा केवल वे ही हाथ उठाएंगे, जिनके हाथ उठेंगे उनमें से किसी एक से क्विज़ मास्टर प्रश्न पूछेगा। सही जवाब आने पर जवाब देने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा।

9. मल्टीमीडिया राउंड में सात टीम सम्मिलित होंगी एवं सात राउन्ड होगें।

10. क्विज़ स्कोरर को अंक तालिका के बारे में समझाना।

11. स्कूल के प्राचार्य बोर्ड के द्वारा उपलब्ध कराई गई जैवविविधता संबंधी विषय–वस्तु का अध्ययन कर अपनी टीम का क्षमता विकास करें। इस हेतु बोर्ड की वेबसाइट www.mpsbb.nic.in पर सदस्य सचिव का जैवविविधता विषय पर व्याख्यान वाला वीडियो अवश्य देखें। तत्पश्चात वेबसाईट पर अपलोड किये गये पाठ्यक्रम व प्रश्न बैंक का अध्ययन स्वयं करें व विद्यार्थियों को भी करावें। इस संबंध में प्राचार्यों को अवगत कराना।

12. लिखित परीक्षा में 07 टीमों का चयन किया जाना है। यदि एक से अधिक टीमें समान अंक पाती है तो समान अंक प्राप्त करने वाली टीमों से 10 अतिरिक्त प्रश्न पूछे जाकर 7 टीमों का मल्टी मीडिया क्विज़ प्रतियोगिता हेतु चयन किया जावेगा।

13. मल्टी मीडिया क्विज़ प्रतियोगिता में यदि एक से अधिक टीमें समान अंक पाती है तो समान अंक प्राप्त करने वाली टीमों हेतु एक अन्य राउंड आयोजित किया जाकर विजेता टीम का चयन किया जावेगा।

14. जिला स्तर पर जैवविविधता में रूचि रखने वाले प्राचार्य, शिक्षक व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की पहचान विशेषज्ञ व दोस्त के रूप में करना। विशेषज्ञ व दोस्त जैवविविधता संबंधी विषय–वस्तु प्रदान करना।

15. आवश्यकता के आधार पर जिला क्विज़ मास्टर द्वारा विशेषज्ञ व दोस्त को जैवविविधता संबंधी प्रशिक्षण व परामर्श करना। आवश्यकता के आधार पर ऐसे 3–4 विशेषज्ञ व दोस्त को आमंत्रित किया जा सकता है।

## VI. क्विज स्कोरर

1. जिला क्विज़ मास्टर से चरण का तरीका, चरणों की व्यवस्था एवं अंक तालिका समझना।
2. प्रत्येक राउंड की समाप्ति के पश्चात टीमों का स्कोर घोषित करना।

## VII. विशेषज्ञ व दोस्त

1. विशेषज्ञ व दोस्त की मुख्य जिम्मेदारी यह होगी की लाइफलाइन के माध्यम से जब टीम द्वारा प्रश्न का उत्तर पूछा जाये, तो प्रश्न का सटीक व सही जवाब देकर टीम का सहयोग करना।

## VIII. स्वतंत्र पर्यवेक्षक

1. जिला कलेक्टर द्वारा नामांकित स्वतंत्र पर्यवेक्षक पूरी प्रतियोगिता के दौरान परीक्षा प्रणाली एवं संपूर्ण व्यवस्था का मूल्यांकन करेंगे।

MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

## 3. हम होंगे कामयाब

1. जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला क्विज़ मास्टर अपनी सुविधानुसार दिनांक 14 से 16 अक्टूबर 2019 के मध्य अधिक से अधिक पंजीकृत टीमों को मुख्यालय में मय प्राचार्य एवं अन्य इच्छुक शिक्षक के साथ बुलावे।

2. उपरोक्त समुदाय को एक दिन में जैवविविधता पर आवश्यक जानकारी प्रदाय करे। सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा उपलब्ध करायी गयी पी.पी.टी. इस हेतु उपयोग कर सकते है।

3. इसी दौरान कम से कम 2 घंटे लिखित परीक्षा व मल्टीमीडिया क्विज़ के सभी नियम एवं प्रक्रिया के बारे में समझावे।

4. जिला स्तर पर टीमों में जैवविविधता संबंधी क्षमता विकास व परीक्षा पद्धति से अवगत कराने से प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ेगा व प्रतियोगिता बेहतर तरीके से संपादित की जा सकेगी।

5. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं लोक शिक्षण के इस कार्यक्रम का स्तर 100 के मुकाबले न्यूनतम 80 प्रतिशत के ऊपर ही हो। यह सब यह जिला शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय) एवं जिला क्विज़ मास्टर के मध्य समन्वय व उनकी सक्रिय भागीदारी से ही संभव है।

6. जैसा मैंने भोपाल की अपनी पहली मुलाकात में कहा था कि आप जिला क्विज़ मास्टर इस कार्यक्रम का मुख्य बिन्दु है, यदि आप ठान ले तो इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बना सकते है।

7. मेरा पूर्ण विश्वास है कि हम सब मिलकर इस कार्यक्रम के स्तर को हिमालय की ऊंचाई तक पहुंचा देंगे।

8. सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला क्विज़ मास्टर एवं विद्यार्थियों से निवेदन है कि देश व विदेशों में आयोजित किये जाने वाले टी.वी. एवं इंटरनेट में प्रसारित होने वाले प्रमुख क्विज़ कार्यक्रमों का एक बार अवलोकन कर ले ताकि आप दृढ़ संकल्प से क्विज़ की विषय–वस्तु के साथ इस प्रतियोगिता में भाग ले सके। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को जिला स्तरीय कार्यक्रम में पहले लिखित परीक्षा एवं उसके बाद प्रथम 7

टीमों को मल्टी मीडिया क्विज़ प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करना होगी। हर जिले से वरीयता के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय टीम सम्मानित की जावेंगी तथा प्रथम आने वाली टीम भोपाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

9. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 52 टीमों की पहले लिखित परीक्षा होगा, जिसमें से प्रथम 7 टीमों को मल्टी मीडिया क्विज़ प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जावेगा। जिसमें से तीन टीमें प्रतियोगिता में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित की जावेंगी।

10. प्रतियोगिता में भाग लेने का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिये कि हम प्रतियोगिता के दौरान विषय–वस्तु के आधार पर अधिक से अधिक अंक हासिल कर सके। जीत हार तो प्रतियोगिता के आकार के आधार पर होगी। क्योंकि 7 राउंड में कोई टीम स्थान हासिल करती है तो उन्हें प्राप्त अंको में वृद्धि या गिरावट इतनी ज्यादा होगी कि अगले राउंड में अलटफेर होना स्वाभाविक है।

अतः विद्यार्थी द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेना आवश्यक है, क्योंकि जीतने वाले जितने आवश्यक हैं उतना हारने वाले भी आवश्यक है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य **जैवविविधता और हम एवं हमारा भविष्य** के लिए व्यक्ति, समुदाय को जागरूक करना, आने–वाले कल को संजोये रखना एवं दिन व दिन जैवविविधता मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाना है। आशा ही नहीं हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी **जैवविविधता जागरूकता, जीवो जीवस्य जीवनम्** को तन मन से अमल करेंगे।

## 4. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2019 कार्यक्रम की रूपरेखा

### 4.1 जिला स्तर पर दिनांक 18.10.2019 को क्विज़ कार्यक्रम आयोजन हेतु समय सारणी

| क्रमांक | विवरण | समय |
|---|---|---|
| 1 | पंजीयन कार्य | पूर्वान्ह 09.00 से 10.00 |
| **प्रथम चरण –** | | |
| 1 | लिखित परीक्षा | पूर्वान्ह 10.00 से 12.00 |
| 2 | 2.1 भोजन, मूल्यांकन<br>2.3 वार्म अप | दोपहर 12.00 से 02.30<br>अपरान्ह 01.30 से 02.15<br>(स्कूल के प्राचार्य या उनके प्रतिनिधि द्वारा अपनी–अपनी टीमों का वार्मअप) |
| **द्वितीय चरण –** | | |
| 1 | क्विज़ प्रतियोगिता | दोपहर 02.30 से 04.30 |
| 2 | पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण | सायं 04.30 से 05.30 |

### 4.2. लिखित परीक्षा (प्रत्येक जिले के चयनित स्थान पर)

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ 2019 के प्रथम चरण में प्रत्येक जिले में पंजीकृत टीमों की 2 घण्टे (दिनांक 18.10.2019 पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक) की लिखित परीक्षा का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा चयनित स्थान पर किया जावेगा।

लिखित परीक्षा के प्रश्नों का स्वरूप एवं विषयवार वेटेज निम्नानुसार है –

# प्रश्नों का स्वरूप एवं विषयवार वेटेज

| क्र | विषय वस्तु → / प्रश्नों का प्रकार ↓ | 1.जैव विविधता एवं 2. जैव विविधता का वर्गीकरण | 3.मध्यप्रदेश की जैवविविधता | 4. जिले की जैवविविधता से संबंधित प्रश्न | 5.जैव विविधता का संरक्षण | 6.जैव विविधता पर खतरे | 7.मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की गतिविधियॉ 8.प्रमुख हरित एवं प्रकृति दिवस / हरित कैलेण्डर | 9.जलवायु परिवर्तन | 10.जैवविविधता संरक्षण हेतु अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर वैद्यानिक ढ़ांचा 11.देश में जैव विविधता संरक्षण हेतु संस्थागत ढ़ांचा 12.क्रॉस कटिंग विषय | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | श्रेणीवार वेटेज | (30 %) | (15 %) | (05 %) | (10 %) | (10 %) | (05 %) | (20 %) | (05 %) | 100 |
| 01 | चार विकल्प में से सही विकल्प (40 %) | 12 | 08 | 02 | 04 | 04 | 04 | 04 | 02 | **40** |
| 02 | एक शब्द में उत्तर दो (15 %) | 04 | 03 | 01 | 02 | 01 | 02 | 01 | 01 | **15** |
| 03 | सही जोड़ियॉ बनाओ (10 %) | 03 | 02 | — | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | **10** |
| 04 | चित्र देखकर बतायें (10 %) | 03 | 02 | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | — | **10** |
| 05 | रिक्त स्थान की पूर्ति (10 %) | 03 | 02 | — | 01 | 01 | 01 | 01 | 01 | **10** |
| 06 | सत्य–असत्य छांटना (15 %) | 04 | 03 | 01 | 02 | 01 | 02 | 01 | 01 | **15** |
| | कुल | **29** | **20** | **05** | **11** | **09** | **11** | **09** | **06** | **100** |

**नोटः उपरोक्त प्रश्नों के प्रकार एवं अध्याय सांकेतिक मात्र हैं, जिसमें आंशिक बदलाव संभव है।**

## 4.3. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 हेतु राउंड्स

| राउण्ड क्रमांक | राउण्ड का नाम |
|---|---|
| 1 | झट–पट बोल |
| 2 | सोच समझकर बोल |
| 3 | पहचान मैं कौन |
| 4 | दे दना–दन |
| 5 | अब बताओ तो जानें? |
| 6 | पारखी नज़र |
| 7 | बोलो–बोलो मैं हूँ कौन? |

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ में 7 राउंड होंगे, प्रत्येक राउंड में प्रत्येक टीम के लिए 1–1 प्रश्न होगा एवं प्रत्येक राउंड के अंत में 2 प्रश्न दर्शकों के लिये होंगे।

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज में 7 राउंड एवं प्रति राउंड में प्रश्नों का महत्व –**


1. बोर्ड की प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समिति द्वारा इस संबंध में विशेष अध्ययन किया गया। कुछ मूल बातें मध्यप्रदेश ईको पर्यटन बोर्ड के क्विज़ से प्राप्त हुई। पर्यटन बोर्ड के क्विज़ में प्रदेश के मुख्य ईको पर्यटन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक एवं वन्यजीव पर्यटन से संबंधित मुद्दों पर प्रश्न सम्मिलित होते है, जहां पर विषयवस्तु सीमित है। जबकि जैवविविधता की विषय–वस्तु प्रादेशिक न होकर वैश्विक है। जैवविविधता का सरल निर्वचन **''जीव की विविधता है''** अर्थात जहां पर जीव है स्वाभाविक रूप से जीव में विविधता होगी। जमीन के भीतर, जमीन पर, जल में, वायु में जहां पर भी जीव होते है। उनके बारे में प्रश्न इस क्विज़ में प्रश्न सम्मिलित किये गये है। क्विज़ प्रतियोगिता प्रदेशवासियों के लिए खासकर विद्यार्थी व शिक्षक समुदाय के लिये आयोजित की जा रही है तथा आने वाले वर्षों में प्रतियोगिता की व्यापकता बढ़ाई जायेगी।

2. जैवविविधता एवं पारिस्थितिकीय के आधार पर प्रदेश को मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 7 इकोरिजन में विभाजित किया गया है जबकि कृषि के आधार पर 11 जोन में, वनों के आधार पर साल वन, सागौंन वन, मिश्रित वन आदि के रूप में प्रदेश को वर्गीकृत किया जा सकता है।

3. यदि नदियों की बात करें तो प्रदेश की नदियों को उनके बहाव की दिशा के आधार पर पूर्व की ओर बहने वाली, पश्चिम की ओर बहने वाली, उत्तर एवं दक्षिण की ओर बहने वाली नदियों में बांटा जा सकता है।

4. भौगोलिक रूप से मध्यप्रदेश भारत का एक उठा हुआ क्षेत्र है जहां पर नदियों का उद्गम है जो कि प्रदेश के चारों ओर से अन्य प्रदेशों में निकलती है। प्रदेश के सतपुड़ा एवं विंध्याचल पर्वत नदियों के प्रवाह की दिशा एवं दशा में निर्णायक भूमिका अदा करता है इन सभी भौगोलिक पारिस्थितिकीय व्यवस्थाओं को बोर्ड के द्वारा इकोरिजन में विभाजित किया गया है। मध्यप्रदेश में जैवविविधता व सांस्कृतिकता के आधार पर पारिस्थितिकीय क्षेत्र (Eco-region) का निम्नानुसार वर्गीकरण किया गया है –

| इकोरीजन | सम्मिलित जिले |
|---|---|
| **मालवा** | 1. राजगढ, 2. शाजापुर, 3. आगर मालवा, 4. देवास, 5. उज्जैन, 6. इंदौर, 7. धार, 8. रतलाम, 9. मंदसौर, 10. नीमच, 11. झाबुआ, 12. अलीराजपुर |
| **ग्वालियर चंबल** | 1. मुरैना, 2. भिण्ड, 3. दतिया, 4. ग्वालियर, 5. श्योपुर, 6. शिवपुरी, 7. अशोकनगर, 8. गुना |
| **बुन्देलखण्ड** | 1. टीकमगढ, 2. निवाड़ी, 3. छतरपुर, 4. सागर, 5. दमोह, 6. पन्ना |
| **बघेलखण्ड** | 1. रीवा, 2. सतना, 3. सीधी, 4. सिंगरौली, 5. शहडोल, 6. अनूपपुर, 7. उमरिया, 8. डिण्डौरी |
| **महाकौशल (मैकाल)** | 1. कटनी, 2. जबलपुर, 3. मण्डला, 4. बालाघाट, 5. सिवनी, 6. छिन्दवाड़ा, 7. नरसिंहपुर |
| **सतपुडा** | 1. होशंगाबाद, 2. बैतुल, 3. हरदा, 4. खंडवा, 5. बुरहानपुर, 6. खरगौन, 7. बडवानी |
| **सेंट्रल (विंध्य)** | 1. भोपाल, 2. विदिशा, 3. रायसेन, 4. सीहोर |




**अतः इस बात की समझ बढ़ानी होगी कि समिति द्वारा क्विज़ कार्यक्रम में 7 संख्या क्यों सम्मिलित की गयी है? 7 ईकोरिजन के आधार पर 7 राउंड, मल्टी मीडिया क्विज़ हेतु 7 टीमों का चयन, 7 प्रश्न विद्यार्थियों के लिए रखा जाना औचित्य पूर्ण ही नहीं बल्कि हम सबके अच्छे भविष्य के लिए एक बेहतर कदम है।**

## 4.4. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 हेतु राउन्डस की अंक तालिका

ईकोरिजन के आधार पर चुने गये 7 राउंड का आकार एवं 7 प्रश्न का विवरण निम्न तालिका में स्पष्ट किया गया है –

| राउन्ड क्रमांक | राउन्ड का नाम | राउन्ड से प्राप्तांक | | पास की व्यवस्था है या नही | लाइफ लाइन की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम | ऋणात्मक | | |
| 1 | झट–पट बोल | 20 | नही है | नही है | है |
| 2 | सोच समझकर बोल | 30 | 10 | है | है |
| | | 20 (पास लेने पर) | 5 | है | है |
| 3 | पहचान मैं कौन | 40 | नही है | नही है | है |
| 4 | दे दना दन | 50 | नही है | नही है | नही है |
| 5 | अब बताओं तो जाने | 40 | 20 | है | है |
| | | 20 (पास लेने पर) | 10 | है | है |
| 6 | पारखी नजर | 40 | नही है | नहीं है | है |
| 7 | बोलो बोलो मैं हूँ कौन | 80 | 40 | है | नही है |
| | | 40 (पास लेने पर) | 20 | है | – |
| | | 20 (पास लेने पर) | 10 | – | – |
| | **महायोग** | **300 + 100 = 400** | **70** | | |

जीवो जीवस्य जीवनम्
MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

1. सभी प्राचार्य, जिला क्विज़ मास्टर एवं विद्यार्थियों से अनुरोध है कि 7 राउंड व उसमें प्राप्त किये जा सकने वाले अधिकतम व ऋणात्मक अंकों का ध्यानपूर्वक विश्लेषण (अध्ययन) करें।
2. प्रायः यह देखा गया है कि विद्यार्थियों द्वारा क्विज़ को बहुत ही आसान रूप में समझा जाता है। अतः वह बिना तैयारी के क्विज़ प्रतियोगिता में पहुंच जाते हैं और प्रतियोगिता के कई पहलूओं से अवगत न होने के कारण असफल हो जाते हैं। यदि संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य व क्विज़ मास्टर प्रतियोगिता से संबंधित विभिन्न पहलूओं से विद्यार्थियों को पहले ही अवगत करा देंगे, तो विद्यार्थियों को विभिन्न शंकाओं का समाधान हो जाएगा, जिससे वे स्पष्ट मानसिकता एवं आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अतः उनकी सफलता की संभावना बढ़ जाएगी।
3. तालिका में स्पष्ट है कि राउंड 2, 5 एवं 7 में पास की व्यवस्था है। पास का कार्य है कि अगले क्रम की टीम को प्रश्न का उत्तर देने हेतु मौका देना।
4. राउंड 1, 3, 4 व 6 पर पास की व्यवस्था नहीं है अर्थात क्विज़ के इस राउंड में प्रश्न जिस टीम पूछा जायेगा, जवाब सिर्फ वही टीम दे सकेगी।
5. राउंड 2, 5 एवं 7 पर ऋणात्मक अंको की व्यवस्था है अर्थात विद्यार्थियों की टीम द्वारा गलत जवाब देने पर टीम को प्राप्त अंकों में से निर्धारित अंक कम कर दिये जायेंगे।
6. टीमों के लिये राउंड 1, 2, 3, 5, 6 में लाइफ लाइन की उपलब्धता है, प्रत्येक टीम 3 लाइफ लाइनों का उपयोग कर सकती है।
7. 7 वें राउंड में लाइफ लाइन का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

जीवो जीवस्य जीवनम्
MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

## 4.5. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 के मल्टी मीडिया क्विज़ प्रतियोगिता हेतु लाइफ लाइन

क्विज़ कार्यक्रम के दौरान टीम 3 लाइफ लाइन का प्रयोग कर सकेगी। टीमों द्वारा किसी भी राउंड में लाइफ लाइन ली जा सकती है केवल अंतिम 4 थें राउंड दे दना दन, वें राउंड बोलो बोलो मैं हूँ कौन में टीम लाइफ लाइन का उपयोग नहीं कर पायेंगे। लाइफ लाइन इस प्रकार है–

1. जानकार की सलाह
2. एक नहीं दो जवाब
3. दोस्त की मदद लो

1. **जानकार की सलाह –** इस लाइफ लाइन में टीम सभागार में उपस्थित किसी शिक्षक/जनप्रतिनिधि/अभिभावक/अधिकारी से प्रश्न का जवाब पूछ सकती हैं।
2. **एक नहीं दो जवाब –** इस लाइफ लाइन में टीम किसी प्रश्न के दो जवाब दे सकती है।
3. **दोस्त की मदद लो –** इस लाइफ लाइन में टीम दर्शक दीर्घा में बैठे किसी अपने दोस्त से प्रश्न का जवाब पूछ सकते है।

जीवो जीवस्य जीवनम्
MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

## 5. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 के मल्टी मीडिया क्विज़ हेतु विभिन्न राउंड्स का विस्तृत विवरण

**[सांकेतिक (indicative) है इनमें से कुछ का नाम बदला जा सकता है]**

प्रत्येक राउंड के संबंध में विस्तृत विवरण निम्नानुसार दिया गया है। साथ ही प्रतियोगिता के समय आपकी स्क्रीन पर दिखने वाले शॉट भी दर्शाये जा रहे है –

### 5.1 प्रथम राउंड : झट–पट बोल राउंड

(एक प्रश्न, प्रत्येक सही जवाब पर 20 अंक)




प्रारूप

| राउन्ड क्रमांक | राउन्ड का नाम | राउन्ड से प्राप्तांक | | पास की व्यवस्था है या नही | लाइफ लाइन की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम | ऋणात्मक | | |
| 1 | झट–पट बोल | 20 | नही है | नही है | है |

यह इस राउंड में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे प्रत्येक टीम से एक–एक प्रश्न पूछा जायेगा। सामान्य राउंड होगा सही जवाब पर 20 अंक तथा गलत जवाब पर 0 अंक दिए जायेंगे टीम आपस में चर्चाकर जवाब देगी ध्यान रहे जवाब एक ही होना चाहिए यदि दो बच्चे एक साथ दो जवाब देते हैं तो उन्हें 0 अंक दिया जाएगा।

## 5.2 द्वितीय राउंड : सोच समझ कर बोल

(एक प्रश्न, प्रत्येक सही जवाब पर 30 अंक)




प्रारूप

| राउन्ड क्रमांक | राउन्ड का नाम | राउन्ड से प्राप्तांक | | पास की व्यवस्था है या नही | लाइफ लाइन की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम | ऋणात्मक | | |
| 2 | सोच समझकर बोल | 30 | 10 | है | है |
| | | 20 (पास लेने पर) | 5 | है | है |

1. पहला राउंड जिस टीम से प्रारंभ किया गया था दूसरा राउंड उसके बाद वाली टीम से प्रारंभ होगा। इसी तरह हर राउंड की शुरूआत अन्य टीम से होगी।

2. यह राउंड पास राउंड है। इस राउंड में दिये गये वाक्य को पढ़कर सुनकर उसे पहचानना होगा कि वह कौन है। सही जवाब पर 30 अंक मिलेंगे, किन्तु गलत जवाब पर 10 अंक कम कर लिए जायेगे। अगर जवाब नहीं बनता है तो टीम पास बोलगी ..... टीम के पास बोलने पर उसके बाद वाली टीम को जवाब देने का मौका मिलेगा, अगर वह टीम सही जवाब देती है तो 15 बोनस के अंक मिल जायेंगे। अगर वह टीम गलत जवाब देती है तो 5 अंक कुल अंकों से कम कर दिए जायेंगे, अगर जवाब नहीं बनता है तो वह टीम भी पास बोल सकती है। इसमें तरह अगली टीम को मौका मिल जाएगा।

3. प्रत्येक टीम से एक प्रश्न पूछा जाएगा।

## 5.3 तीसरा राउंड : पहचान कौन

(एक प्रश्न, प्रत्येक सही जवाब पर 40 अंक)




प्रारूप

| राउन्ड क्रमांक | राउन्ड का नाम | राउन्ड से प्राप्तांक | | पास की व्यवस्था है या नही | लाइफ लाइन की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम | ऋणात्मक | | |
| 3 | पहचान मैं कौन | 40 | नही है | नही है | है |

1. यह राउंड पिक्चर राउंड है इस राउंड में आपको पिक्चर (चित्र) देख कर पहचानना है कि वह किसका चित्र है सही जवाब पर 40 अंक मिलेंगे, गलत जवाब पर कोई अंक नहीं काटे जायेंगे।

2 यह पास राउंड नहीं है।

3 प्रत्येक टीम से एक प्रश्न पूछा जाएगा।

## 5.4 चौथा राउंड : दे दना दन

(एक प्रश्न, प्रत्येक सही जवाब पर 50 अंक)




प्रारूप

| राउन्ड क्रमांक | राउन्ड का नाम | राउन्ड से प्राप्तांक | | पास की व्यवस्था है या नही | लाइफ लाइन की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम | ऋणात्मक | | |
| 4 | दे दना दन | 50 | नही है | नही है | नही है |

**यह राउंड रेपिड फायर राउंड है। प्रत्येक टीम से पांच प्रश्न जल्दी–जल्दी पूछे जायेंगे।** टीम को एक शब्द में जवाब देना होगा।

प्रत्येक सही जवाब पर 10 अंक दिये जायेंगे इस तरह यह राउंड 50 अंको का होगा।

चौथा राउंड (उदाहरण)

1. एक ................. सारे तालाब को गन्दा कर देती है – मछली
2. सिघोरी वन्यजीव अभ्यारण्य किस जिले में स्थित है – रायसेन
3. नर्मदा जी का वाहन कौन है................. – मगरमच्छ
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है................. – 22 मार्च
5. कर्नाटक राज्य का राजकीय वृक्ष कौन सा है? – चन्दन

## 5.5 पांचवां राउंड : अब बताओ तो जाने

(एक प्रश्न, प्रत्येक सही जवाब पर 40 अंक)




प्रारूप

| राउन्ड क्रमांक | राउन्ड का नाम | राउन्ड से प्राप्तांक | | पास की व्यवस्था है या नही | लाइफ लाइन की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम | ऋणात्मक | | |
| 5 | अब बताओं तो जाने | 40 | 20 | है | है |
| | | 20 (पास लेने पर) | 10 | है | है |

1 यह राउंड पास राउंड है। इस राउंड में प्रत्येक टीम से एक–एक प्रश्न पूछा जाएगा प्रत्येक टीम के सदस्य आपस में चर्चाकर प्रश्न का जवाब देंगे। सही जवाब पर 40 अंक दिये जायेंगे, किन्तु गलत जवाब पर 20 अंक कम कर लिए जायेगे। अगर जवाब नहीं बनता है तो टीम पास बोलेगी। टीम के पास बोलने पर उसके बाद वाली टीम को जवाब देने का मौका मिलेगा, अगर वह टीम सही जवाब देती है तो 20 बोनस के अंक मिल जायेंगे। अगर वह टीम गलत जवाब देती है तो 10 अंक कुल अंकों से कम कर दिए जायेंगे। अगर जवाब नहीं बनता है तो वह टीम भी पास बोल सकती है। इस तरह अगली टीम को मौका मिल जाएगा।

.2 प्रत्येक टीम से एक प्रश्न पूछा जाएगा।

## 5.6 छटवां राउंड : पारखी नज़र

(एक प्रश्न, प्रत्येक सही जवाब पर 20 अंक)




प्रारूप

| राउन्ड क्रमांक | राउन्ड का नाम | राउन्ड से प्राप्तांक | | पास की व्यवस्था है या नही | लाइफ लाइन की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम | ऋणात्मक | | |
| 6 | पारखी नजर | 40 | नही है | नहीं है | है |

1 यह राउंड वीडियो राउंड है।

2 इस राउंड में एक वीडियो क्लिप दिखायी जाएगी।

3 वीडियो की समाप्ति के बाद प्रत्येक टीम से एक–एक प्रश्न पूछा जाएगा।

4 सही जवाब पर 20 अंक दिए जायेंगे गलत जवाब पर कोई अंक नहीं काटा जाएगा।

## 5.7 सातवां राउंड : बोलो बोलो मैं हूँ कौन

(एक प्रश्न, प्रत्येक सही जवाब पर 80 अंक)




प्रारूप

| राउन्ड क्रमांक | राउन्ड का नाम | राउन्ड से प्राप्तांक | | पास की व्यवस्था है या नही | लाइफ लाइन की उपलब्धता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अधिकतम | ऋणात्मक | | |
| 7 | बोलो बोलो मैं हूँ कौन | 80 | 40 | है | नही है |
| | | 40 (पास लेने पर) | 20 | है | – |
| | | 20 (पास लेने पर) | 10 | – | – |

1 यह क्लू राउंड है। इस राउण्ड में लाइफ लाइन नहीं मिलेगी

2 इस राउंड में प्रत्येक टीम तीन क्लू दिए जायेंगे

3 अगर पहले क्लू पर टीम सही जवाब देती है तो उसे पूरे 80 अंक प्राप्त होंगे।

4 अगर वो पहले क्लू के बाद जवाब नहीं दे पाते है तो दूसरा क्लू मांगेंगे इसके लिए उन्हे कहना होगा दूसरा क्लू प्लीज। अब उन्हें सेकंड क्लू दिया जाएगा टीम सही जवाब देती है तो उसे पूरे 40 अंक प्राप्त होंगे।

5 अगर वो जवाब नहीं दे पाते हैं तो थर्ड क्लू मांगेंगे इसके लिए उन्हें कहना होगा थर्ड क्यू प्लीज। अब उन्हें थर्ड क्लू दिया जाएगा टीम सही जवाब देती है तो उसे पूरे 20 अंक मिल जायेंगे।

6 पहले क्लू में गलत जवाब देते है तो 40 अंक कुल अंकों से कम कर दिए जायेंगे।

7 दूसरे क्लू में जवाब गलत देते है तो 20 अंक कुल अंकों से कम कर दिए जायेंगे।

8 तीसरे क्लू में जवाब गलत देते है तो 10 अंक कुल अंकों से कम कर दिए जायेंगे।

## बोलो–बोलो मैं हूँ कौन ? (क्लू के उदाहरण)

1. राष्ट्रीय उद्यान विंध्य पर्वत श्रृंखला में स्थित है, जो कि पूर्व में रीवा राजघराने की शिकारगाह रही है।
2. इसे 1968 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया तथा 1993 में प्रोजेक्ट टाइगर से जोड़ा गया।
3. इस उद्यान के भीतर एक किला है जिसका संबंध भगवान राम से जोड़ा जाता है।

**सही जवाब – बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान**

**सावधानी : उपरोक्त उल्लेखित क्विज के 7 प्रकार में से कुछ अंश बदला जा सकता है।**

## 6. मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़, 2019 हेतु प्रश्न पत्र की व्यवस्था

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ हेतु प्रश्न पत्र आकार व विषय निर्माण हेतु गठित समिति के तय मानकों के आधार पर अंतिम प्रश्न पत्र निर्माण समिति द्वारा लिखित परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र व क्विज की पेनड्राइव (साफ्टकापी) तैयार की गयी है, जो कि पासवर्ड से लॉक की गयी है। यह पेनड्राइव क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय) व पदेन सहायक सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड की अभिरक्षा में रहेगी। बोर्ड द्वारा पेनड्राइव विशेष वाहक के माध्यम से 3 दिवस पहले उपलब्ध करायी जावेगी। जो कि सील बन लिफाफे में होगी।

आवश्यकता के आधार पर क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय), जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर के प्रतिनिधि की उपस्थिति में सील बंद लिफाफे को खोला जावेगा। बोर्ड द्वारा पेन ड्राइव का पासवर्ड क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय) को इलेक्ट्रानिक माध्यम से उपलब्ध कराया जावेगा।

पेन ड्राइव उपरोक्त तीन सदस्य के समक्ष खोलते हुए प्रश्न पत्र की 50 प्रतियां तैयार का क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को उपलब्ध करायी जावेगी। प्रश्न पत्र का वितरण व परीक्षा कराने की जिम्मेदरी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला क्विज़ मास्टर, क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय) द्वारा नामांकित प्रतिनिधि (जो कि सहायक वन सरंक्षक से अनिम्न न हो) की होगी।

मल्टी मीडिया क्विज से संबंधित इलेक्टानिक लॉक भी पासवर्ड से खोला जाकर मौके पर संचालक किया जावेगा। यदि किसी कारण से पेनड्राइव नहीं खुलती है तो तत्काल मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड कार्यालय को सूचना देंवे। तदसंबंधी बोर्ड द्वारा पी.पी.टी. क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय) के शासकीय ईमेल पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जावेगी।

प्रश्न पत्र के साथ सही उत्तर की उत्तरपुस्तिका भी उपलब्ध करायी जावेगी। किन्तु उत्तरपुस्तिका को प्रश्न पत्र की जांच करने वाले प्राध्यापकों को विक्ज में भाग लेने वाले टीमों द्वारा प्रश्नवली की पूर्ति होने के बाद ही दिया जावेगा। इस हेतु 3–4 प्राध्यापक की क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय) की अध्यक्षता में समिति का गठित की जावेगा। समिति हेतु प्राध्यापकों का चयन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ से संबंधित एक डेमो दिनांक 15.10.2019 की शाम तक बोर्ड की वेबसाईट http://mpsbb.nic.in/MPSBQ.html पर उपलब्ध कराया जावेगा। जिससे जिला क्विज़ मास्टर व विद्यार्थी अवलोकन कर समझ बढ़ा सकते है।

## लिखित परीक्षा – पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन

1. दिनांक 18.10.2019 को प्रातः 10–12 तक आयोजित लिखित परीक्षा हेतु कक्ष, पर्यवेक्षण हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, 5 शिक्षक/शिक्षिकाओं की ड्यूटी लगावे, और यदि शिक्षक/शिक्षिकाये प्राथमिक या माध्यमिक शिक्षक हो तो उचित होगा।

2. दिनांक 18.10.2019 को लिखित परीक्षा समाप्त होते ही मूल्यांकन कार्य हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कम से कम 5 ऐसे मूल्यांकन कर्ताओं की नियुक्ति करेंगे जो जीव विज्ञान के वरिष्ठ शिक्षक/व्याख्याता हों।

जीवो जीवस्य जीवनम्
MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

**MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD**

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**

(Statutory, Autonomous and Regulatory Body of Govt. of M. P. | म. प्र. शासन की वैधानिक, स्वायत्त एवं नियामक संस्था)

क्रमांक / जैविबो / सहा.स.स.(सी.एण्ड.डी)136 / 2019–20 / 84 भोपाल, दिनांक 27.09.2019

## आदेश

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं लोक शिक्षण, संचालनालय के संयुक्त तत्वाधान मे **मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2019** का जिला स्तरीय आयोजन प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय पर दिनांक 18.10.2019 एवं राज्य स्तरीय आयोजन भोपाल में दिनांक 13.11.2019 को किया जा रहा है। जैवविविधता क्विज कार्यक्रम के उपरोक्त जिला एवं राज्य स्तरीय आयोजन में प्रथम चरण लिखित परीक्षा का होगा, जिसमें प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न होंगें तथा द्वितीय चरण क्विज़ प्रश्न का होगा, जिसमें ऑडियो विजुअल (मल्टीमीडिया) के सात राउंड होंगे।

क्विज़ कार्यक्रम के उपरोक्तानुसार जिला एवं राज्य स्तरीय आयोजन में प्रथम चरण हेतु लिखित परीक्षा प्रश्न पत्र एवं द्वितीय चरण हेतु क्विज़ टैंम्पलेट तथा क्विज़ प्रश्न ऑडियो विजुअल (मल्टीमीडिया) का निर्माण किये जाने हेतु बोर्ड द्वारा निम्नानुसार मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2019 **प्रश्न पत्र निर्माण समिति** का गठन किया जाता है।

| क्र. | समिति का विवरण | समिति के पदाधिकारी |
|---|---|---|
| 1. | श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति, सदस्य सचिव, जैवविविधता बोर्ड, भोपाल | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. एलिजाबेथ थॉमस,सहायक सदस्य सचिव, जैवविविधता बोर्ड, भोपाल | सचिव |
| 3. | श्री श्याम बोहरे, सेवा नि.प्राध्यापक, समर्थ परिसर, बावड़ियाकला, भोपाल | सदस्य |
| 4. | श्रीमति माधुरी मोदक, सेवा नि. प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र, विज्ञान महावि. भोपाल | सदस्य |
| 5. | श्री के. के. मिश्रा, प्रधानाध्यापक शास. मा. शाला कुकड़ाजगत, छिन्दवाड़ा | सदस्य |
| 6. | श्री रविकांत ठाकुर, कनिष्ठ का.आई.ए.एस.ई., भोपाल | सदस्य |
| 7. | सुश्री दिव्या शर्मा, टी.ई. जैवविविधता बोर्ड, भोपाल | सदस्य |
| 8. | श्री हितेश टोरिया, तकनीकि विशेषज्ञ(मिडिया), ए–80 अल्कापूरी, भोपाल | विशेष आमंत्रित |
| 9 | श्री अभिनन्दन शुक्ला,तकनीकि विशेषज्ञ(मिडिया),तकनीकि विशेषज्ञ,प्लेटिनम प्लाज़ा, भोपाल | |

उपरोक्त समिति द्वारा जैवविविधता क्विज़ कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय हेतु पृथक–पृथक लिखित प्रश्न पत्र एवं क्विज़ प्रश्न तैयार कर सॉफ्ट कॉपी पेनड्राईव में पासवर्ड के साथ लॉक किया जायेगा। **प्रश्न पत्र निर्माण समिति की प्रथम बैठक दिनांक 27.09.2019 को दोप. 11.00 बजे बोर्ड रूम, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल में आयोजित है।**

(आर. श्रीनिवास मूर्ति)
सदस्य सचिव

क्रमांक / जैविबो / सहा.स.स.(सी.एण्ड.डी)136 / 2019–20 / 85 भोपाल, दिनांक 27.09.2019

**प्रतिलिपिः–**

1. श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति, सदस्य सचिव, जैवविविधता बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)
2. डॉ. एलिजाबेथ थॉमस,सहायक सदस्य सचिव, जैवविविधता बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)
3. श्री श्याम बोहरे, सेवा नि.प्राध्यापक, समर्थ परिसर, बावड़ियाकला, भोपाल (म.प्र.)
4. श्रीमति माधुरी मोदक, सेवा नि. प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र, विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल(म.प्र.)
5. श्री के. के. मिश्रा, प्रधानाध्यापक शास. मा. शाला कुकड़ाजगत, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
6. श्री रविकांत ठाकुर, कनिष्ठ का.आई.ए.एस.ई., भोपाल (म.प्र.)
7. सुश्री दिव्या शर्मा, टी.ई. जैवविविधता बोर्ड, भोपाल (म.प्र.)
8. श्री हितेश टोरिया, ए–80 अल्कापूरी, भोपाल (म.प्र.)
9. श्री अभिनन्दन शुक्ला, प्लेटिनम प्लाजा, भोपाल (म.प्र.)
10. कार्यालयीन प्रति।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सदस्य सचिव

26, Kisan Bhawan, Ist Floor, Arera Hills, Bhopal 462011 |26, किसान भवन, प्रथम तल, अरेरा हिल्स, भोपाल 462011
Website - www.mpsbb.nic.in, Email ID - mpsbb@mp.gov.in Phone No. 0755-2554539, 2554549, 2764911 Fax No. 0755-2764912

**MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD**
**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड**
(Statutory, Autonomous and Regulatory Body of Govt. of M. P. | म. प्र. शासन की वैधानिक, स्वायत्त एवं नियामक संस्था)

क्र./जैविबो/सहा. स.स. (सी.एण्ड डी.)/2019/174 भोपाल, दिनांक 11.10.2019

## आदेश

मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं लोक शिक्षण, संचालनालय के संयुक्त तत्वाधान संचालित **मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज, 2019** के अंतिम प्रश्न पत्र व क्विज़ निर्माण हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता की अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है –

1. डॉ बकुल लाड़, सहायक सदस्य सचिव (सी. एण्ड डी.), बोर्ड व प्रभारी, म.प्र. राज्य जैवविविधता क्विज, 2019 – **सदस्य सचिव**
2. डॉ एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव (प्रोजेक्टस), बोर्ड – **सदस्य**
3. श्री शिवप्रताप सिंह बघेल, सहायक सदस्य सचिव (प्रशा./वित्त), बोर्ड – **सदस्य**
4. श्री महेश दांगी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड – **सदस्य**

उपरोक्त समिति प्रश्न पत्र आकार व विषय निर्माण हेतु गठित समिति के तय मानकों के आधार पर **मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज, 2019** के अंतिम प्रश्न पत्र व क्विज़ निर्माण कर जिला ईकाईयों तक पहुंचना सुनिश्चित करेंगी। समिति प्रश्न पत्र व क्विज़ की गोपनीयता बनाये रखेगी।

आदेश तत्काल प्रभाव से लागू।

– हस्ता –
**(आर. श्रीनिवास मूर्ति)**
**सदस्य सचिव**

पृ. क्र./जैविबो/सहा. स.स. (प्रशा./वित्त)/2019/175 भोपाल, दिनांक 11.10.2019

**प्रतिलिपिः–**

1. डॉ बकुल लाड़, सहायक सदस्य सचिव (सी. एण्ड डी.), मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड व प्रभारी मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज, 2019। समिति द्वारा प्रश्न पत्र व क्विज़ को अंतिम रूप देने के बाद जिला ईकाईयों हेतु पेनड्राइव को पासवर्ड से लॉक तैयार करना। इस हेतु विशेष वाहक को दिनांक 16.10.2019 तक बोर्ड कार्यालय में बुलाकर लॉक पेनड्राइव सील बंद लिफाफे में देना तथा दिनांक 17.10.2019 को शाम तक क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी को पासवर्ड प्रेषित करना इत्यादि व्यवस्था सुनिश्चित करें।

C:\Users\mpsbb\Desktop\Office MPSBB\MS - MPSBB\MPSBQ 2019\Letter.doc

26, Kisan Bhawan, Ist Floor, Arera Hills, Bhopal 462011 |26, किसान भवन, प्रथम तल, अरेरा हिल्स, भोपाल 462011
Website - www.mpsbb.nic.in, Email ID - mpsbb@mp.gov.in Phone No. 0755-2554539, 2554549, 2764911 Fax No. 0755-2764912

2. डॉ एलिजाबेथ थॉमस, सहायक सदस्य सचिव (प्रोजेक्टस), मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड
3. श्री शिवप्रताप सिंह बघेल, सहायक सदस्य सचिव (प्रशा./वित्त), मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड
4. श्री महेश दांगी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5. समस्त सहायक सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. आदेश प्रति।

-हस्ता.-
सदस्य सचिव


C:\Users\mpsbb\Desktop\Office MPSBB\MS - MPSBB\MPSBQ 2019\Letter.doc

जीवो जीवस्य जीवनम्

MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD

"Come let us Live in Harmony with Nature

आइए प्रकृति से सामंजस्य में जिएँ"



*Celebrating 150th Birth Anniversary of Sh. M.K.Gandhi*

“पृथ्वी सभी मनुष्यों की ज़रुरत पूरी करने के लिए पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है, लेकिन लालच पूरी करने के लिए नहीं”

“Earth provides enough to satisfy every man’s needs, but not every man’s greed”


**आयोजकः**

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल**

फोन : 0755 – 2554539

एवं

**संचालनालय लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
वन मण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) एवं जिला शिक्षा अधिकारी

*www.mpsbb.nic.in*
*email: mpsbb@mp.gov.in*



Issued in public interest by Madhya Pradesh State Biodiversity Board Bhopal.

जैवविविधता बोर्ड के द्वारा जनहित में जारी